पाईप लाईन लिकेज से भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में जलआपूर्ति पुरी तरह बाधित रहेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जलशोधन संयंत्र में शिवनाथ नदी से रॉ–वाटर लिया जाता है। रॉ–वाटर पाईन लाईन पटेल चौंक दुर्ग के समीप बीएसएनएल आफिस के सामने लिकेज हो गया है। जिससे पानी का रिसाव हो रहा है। इस लीकेज का संधारण दिनांक 28 सितम्बर को किया जाना है तथा लीकेज संधारण का कार्य दिनांक 29 सितम्बर देर रात पूर्ण होने के संभावना है। लीकेज संधारण हेतु शट–डाउन लेने में दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर दो दिवस नगर पालिक निगम भिलाई एवं नगर पालिक निगम रिसाली में जलप्रदाय पूर्णतः प्रभावित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी।